# हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय, कानपुर की कार्य परिषद की दिनांक 24.12.2021 को सम्पन्न 17वीं बैठक का कार्यवृत्त

बैठक में निम्नलिखित उपस्थित हुये :

| | | |
|---|---|---|
| 1 | **प्रो0 समशेर**<br>कुलपति,<br>एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | अध्यक्ष<br>(वीडियो कान्फ्रेन्सिंग) |
| 2 | **प्रो0 विनीत कंसल**<br>कुलपति,<br>डा0 ए0पी0जे0अ0क0 प्राविधिक विश्वविद्यालय, लखनऊ। | सदस्य<br>(वीडियो कान्फ्रेन्सिंग) |
| 3 | **प्रो0 योगेश जोशी**<br>अधिष्ठाता, इण्टरनेशनल रिलेशन<br>(निदेशक, आई0आई0टी0, कानपुर द्वारा नामित प्रतिनिधि) | सदस्य<br>(वीडियो कान्फ्रेन्सिंग) |
| 4 | **श्री प्रदीप मिश्रा**<br>सी0एम0डी0, रूद्राभिषेक इंटरप्राइजेज प्रा0 लि0, ग्राउण्ड फ्लोर, युवा भवन, वाईएमसीए काम्प्लेक्स, 13 राणा प्रताप मार्ग, लखनऊ।<br>(शासन स्तर से नामित उद्योगपति) | सदस्य<br>(वीडियो कान्फ्रेन्सिंग) |
| 5 | **प्रो0 तपोव्रत लहरी**<br>आई0आई0आई0टी0 प्रयागराज।<br>(निदेशक, आई0आई0आई0टी0, प्रयागराज द्वारा नामित प्रतिनिधि) | सदस्य<br>(वीडियो कान्फ्रेन्सिंग) |
| 6 | **श्री कृपाशंकर सिंह**<br>विशेष सचिव, प्राविधिक शिक्षा, उ0प्र0 शासन<br>लखनऊ। (प्रमुख सचिव, प्राविधिक शिक्षा द्वारा नामित प्रतिनिधि) | सदस्य<br>(वीडियो कान्फ्रेन्सिंग) |
| 7 | **श्री अजय जौहरी,**<br>अपर निदेशक, कोषागार एवं पेंशन, कानपुर मण्डल, कानपुर।<br>(प्रमुख सचिव, वित्त विभाग के प्रतिनिधि) | सदस्य<br>(वीडियो<br>कान्फ्रेन्सिंग) |
| 8 | **डा0 रिपुदमन सिंह**<br>क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, कानपुर मण्डल, कानपुर।<br>(प्रमुख सचिव, उच्च शिक्षा विभाग द्वारा नामित प्रतिनिधि) | सदस्य<br>(वीडियो कान्फ्रेन्सिंग) |
| 9 | **श्री दिनेश अग्रवाल**<br>फाउण्डर एण्ड सी0ई0ओ0 आफ इण्डिया मार्ट, इण्डिया मार्ट इंटरमेस लिमिटेड, 7वॉ तल, एडरंत–नविस बिजनेस पार्क, प्लाट नं0–7, सेक्सन–142, नोएडा।(शासन स्तर से नामित उद्योगपति) | सदस्य<br>(वीडियो कान्फ्रेन्सिंग) |
| 10 | **श्री गोपाल खरे**<br>वित्त नियंत्रक, एच0बी0टी0यू0 कानपुर। | विशेष आमंत्री<br>(वीडियो कान्फ्रेन्सिंग) |
| 11 | **प्रो0 एस0के0 सिंघल,**<br>अधिष्ठाता, स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग | विशेष आमंत्री<br>(वीडियो कान्फ्रेन्सिंग) |
| 12 | **प्रो0 नीरज कुमार सिंह,**<br>कुलसचिव, एच0बी0टी0यू0 कानपुर। | सदस्य–सचिव<br>(वीडियो कान्फ्रेन्सिंग) |

बैठक में निम्नलिखित उपस्थित नहीं हो सके :

| | | |
|---|---|---|
| 1 | **प्रो0 योगेश सिंह,**<br>कुलपति<br>दिल्ली विश्वविद्यालय<br>बेन्टो जार्ज मार्ग, साउथ कैम्पस,<br>साउथ मोती बाग<br>नई दिल्ली – 110021<br>(अध्यक्ष अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद के प्रतिनिधि) | सदस्य |

Scanned with CamScanner

बैठक प्रारम्भ होने से पूर्व अध्यक्ष, कार्य परिषद एवं मा0 कुलपति द्वारा बैठक में प्रतिभाग करने वाले मा0 सदस्यों का अभिनन्दन एवं स्वागत करते हुए दिनांक 25.11.2021 को सम्पन्न शताब्दी वर्ष समारोह के सफल आयोजन एवं समारोह में मुख्य अतिथि माननीय राष्ट्रपति महोदय द्वारा मल्टी परपज हाल, कुलपति आवास, शताब्दी स्तम्भ एवं टाइम कैप्सूल, शताब्दी द्वार, आडिटोरियम, लेक्चर हाल काम्पलेक्स, ट्रेनिंग एण्ड प्लेसमेंट सेल, यॉत्रिकी अभियंत्रण के कक्षा–कक्षों, 200 सीटेड छात्रा छात्रावास में मेस ब्लाक, 36 सीटेड छात्रा छात्रावास, शताब्दी सिक्का एवं टिकट तथा काफी टेबल बुक का लोकार्पण किये जाने से अवगत कराया गया। कुलपति महोदय द्वारा विश्वविद्यालय का आगामी तृतीय दीक्षान्त समारोह दिनांक 27 दिसम्बर, 2021 को मा0 कुलाधिपति महोदया की अध्यक्षता में समारोह के मुख्य अतिथि डा0 आशुतोष कर्नाटक, पूर्व सी0एम0डी0, गैस अथारटी ऑफ इण्डिया लिमिटेड के होने से अवगत कराया तथा सभी माननीय सदस्यों को समारोह में आने का निमंत्रण दिया। शैक्षिक सत्र 2020–21 में 440 बी0टेक0, 76 एम0टेक0, 55 एम0सी0ए0 छात्र–छात्रओं को उपाधि प्रदान किये जाने के साथ 46 छात्र–छात्राओं को स्वर्ण तथा रजत पदक एवं मा0 कुलाधिपति स्वर्ण पदक प्रदान किये जाने से भी परिषद को अवगत कराया। इसी के साथ विश्वविद्यालय में विगत वर्ष 2020–21 में कोविड –19 महामारी के बावजूद भी अध्ययनरत् छात्र–छात्राओं का सेवायोजन 63.61% रहा है। विद्यार्थियों में सेवायोजन का अधिकतम पैकेज रू0 43.5 लाख प्रतिवर्ष तथा औसत पैकेज रू0 6.46 लाख प्रतिवर्ष रहा। इस वर्ष अभी तक 50 प्रतिशत से अधिक सेवायोजन हो चुका है।

**मद सं0 17.01** **हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय कानपुर कार्य परिषद की दिनांक 10.09.2021 को सम्पन्न 16वीं बैठक के कार्यवृत्त का पुष्टीकरण।**

परिषद् ने विश्वविद्यालय की दिनांक 10/09/2021 को सम्पन्न 16वीं बैठक के कार्यवृत्त का पुष्टिकरण किया।

**मद सं0 17.02** **हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय कानपुर की कार्य परिषद की दिनांक 10.09.2021 को सम्पन्न 16वीं बैठक में लिये गये निर्णयों पर कृत कार्यवाही का विवरण।**

परिषद ने विश्वविद्यालय की दिनांक 10/09/2021 को सम्पन्न कार्य परिषद की 16वीं बैठक में लिये गये निर्णयों पर कृत कार्यवाही पर अनुमोदन प्रदान किया।

**मद सं0 17.03** **विश्वविद्यालय की वित्त समिति की दिनांक 14.12.2021 को सम्पन्न 17वीं बैठक के कार्यवृत्त पर अनुमोदन प्रदान करने के सम्बन्ध में।**

परिषद ने दिनांक **14/12/2021** को सम्पन्न विश्वविद्यालय की वित्त समिति की 17वीं बैठक के कार्यवृत्त पर मद सं0 17.08 में निम्नलिखित संशोधन अंकित करते हुए अनुमोदन प्रदान किया:–



Scanned with CamScanner

"विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों में डिजिटलाइजेशन हेतु प्राप्त प्रस्तावों के परीक्षण हेतु सदस्य के रुप में District Information Officer, Kanpur को नामित किये जाने के साथ ही उक्त कार्य हेतु व्यय की सीमा रु0 50.00 लाख (रुपये पचास लाख मात्र) तक रखी जाये तथा वाह्य एजेन्सी नामित किये जाने हेतु मा0 कुलपति महोदय को अधिकृत किया।"

मद सं0 17.04 **विश्वविद्यालय की विद्या परिषद की दिनांक 13/12/2021 को सम्पन्न 12वीं बैठक के कार्यवृत्त पर अनुमोदन प्रदान करने के सम्बन्ध में।**

परिषद ने दिनांक **13/12/2021** को सम्पन्न विश्वविद्यालय की विद्या परिषद की 12वीं बैठक के कार्यवृत्त पर अनुमोदन प्रदान किया।

मद सं0 17.05 **डा0 रचना अस्थाना, प्रोफेसर, इलेक्ट्रानिक्स इन्जी0 विभाग द्वारा अम्बेडकर इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी फार हैण्डीकैप्ट, उ0प्र0 कानपुर के निदेशक पद का कार्यकाल पूर्ण होने उपरान्त निदेशक पद पर सेवाविस्तार सम्बन्धी सूचना से परिषद को अवगत कराये जाने एवं कार्येत्तर अनुमोदन प्रदान किये जाने के सम्बन्ध में।**

परिषद द्वारा डा0 रचना अस्थाना के प्रस्तुत प्रस्ताव से संज्ञानित हो कार्येत्तर अनुमोदन प्रदान किया।

मद सं0 17.06 **विश्वविद्यालय में संचालित पं0 दीन दयाल उपाध्याय गुणवत्ता सुधार कार्यक्रम (डा0ए0पी0जे0अ0क0 प्राविधिक विश्वविद्यालय द्वारा पोषित) एवं रूसा (RUSA) परियोजना की प्रगति आख्या के सम्बन्ध में।**

परिषद द्वारा विश्वविद्यालय में संचालित पं0 दीन दयाल उपाध्याय गुणवत्ता सुधार कार्यक्रम (डा0ए0पी0जे0अ0क0 प्राविधिक विश्वविद्यालय द्वारा पोषित) एवं रूसा (RUSA) परियोजना की प्रगति आख्या से संज्ञानित हुई।

मद सं0 17.07 **विश्वविद्यालय में संचालित भारत सरकार की विश्व बैंक सहायतित परियोजना टेक्युप-।।। के सुचार रूप से संचालन हेतु कुलपति/अध्यक्ष कार्य परिषद द्वारा समय-समय पर लिए गये निर्णयो को परिषद मे संज्ञान मे लाये जाने के सम्बन्ध मे।**

परिषद द्वारा विश्वविद्यालय में संचालित भारत सरकार की विश्व बैंक सहायतित परियोजना टेक्युप-।।। के सुचार रूप से संचालन हेतु कुलपति/अध्यक्ष कार्य परिषद द्वारा समय-समय पर लिए गये निर्णयों से संज्ञानित हुई।



Scanned with CamScanner

मद सं0 17.08 विश्वविद्यालय के शिक्षकों के रिक्त पदों को सीधी भर्ती /नियमित भर्ती हेतु किये गये विज्ञापन सं0 HBTU/ESTT/01/2021 दिनांक 29.08.2021 के सापेक्ष सिविल इंजी0 विभाग के सहायक आचार्य एवं एसो0 प्रोफेसर पदों के लिये दिनांक 20.12.2021 से 21.12.2021 तक सम्पन्न Skill Test एवं साक्षात्कार मे चयन समिति द्वारा उपलब्ध कराये गये सील बन्द लिफाफा को खोलकर चयनित अभ्यर्थियों पर अनुमोदन प्रदान करने के सम्बन्ध में।

परिषद द्वारा विश्वविद्यालय में रिक्त शैक्षिक पदों को सीधी/नियमित भर्ती हेतु निर्गत विज्ञापन सं0 HBTU/ESTT/01/2021 दिनांक 29.08.2021 के सापेक्ष सिविल इंजी0 विभाग में असिस्टेन्ट प्रोफेसर एवं एसोसिएट प्रोफेसर के पदों हेतु दिनांक 20.12.2021 एवं 21.12.2021 को हुए Teaching Skill / Presentation एवं साक्षात्कार के आधार पर चयन समिति द्वारा संस्तुति तथा प्रतीक्षा–सूची पर अनुमोदन प्रदान किया। संस्तुति के आधार पर चयनित सूची निम्नवत है :

**Assistant Professor (SC)**

1. Ms. Kavita Tandon
2. Ms. Kajol Priya
3. Mr. Manish Kumar
4. Ms. Shivani Koshtha

**Assistant Professor (ST)**

1. Mr. Jai Prakash Nayak

**Associate Professor (UR)**

1. Mr. Rajiv Ganguly

मद सं0 17.09 विश्वविद्यालय के शिक्षकों के रिक्त पदों को सीधी भर्ती /नियमित भर्ती हेतु किये गये विज्ञापन सं0 HBTU/ESTT/01/2021 दिनांक 29.08.2021 के विरूद्ध इलेक्ट्रानिक्स इंजी0 विभाग के सहायक आचार्य एवं आचार्य पदों के लिये दिनांक 21.12.2021 से 22.12.2021 तक सम्पन्न Skill Test एवं साक्षात्कार मे चयन समिति द्वारा उपलब्ध कराये गये सील बन्द लिफाफा को खोलकर चयनित अभ्यर्थियों पर अनुमोदन प्रदान करने के सम्बन्ध में।

परिषद द्वारा विश्वविद्यालय में रिक्त शैक्षिक पदों को सीधी/नियमित भर्ती हेतु निर्गत विज्ञापन सं0 HBTU/ESTT/01/2021 दिनांक 29.08.2021 के सापेक्ष इलेक्ट्रानिक्स इंजी0 विभाग में असिस्टेन्ट प्रोफेसर एवं प्रोफेसर के पदों हेतु दिनांक 21.12.2021 एवं 22.12.2021 हुए एवं Teaching Skill / Presentation एवं साक्षात्कार के आधार पर चयन समिति द्वारा संस्तुति एवं प्रतीक्षा सूची पर



Scanned with CamScanner

अनुमोदन प्रदान किया। संस्तुति के आधार पर चयनित सूची निम्नवत् है :

**Assistant Professor (UR)**
1. Mr. Kumar Gaurav

**Assistant Professor (OBC)**
1. Mr. Nand Kishore

**Professor (UR)**
None found Suitable

**मद सं0 17.10** **विश्वविद्यालय मे कार्यरत शिक्षकों को कैरियर एडवांसमेंट स्कीम (कैस) के अन्तर्गत दिनांक 20.12.2021 से 22.12.2021 तक सम्पन्न साक्षात्कार मे चयन समिति द्वारा एसो0 प्रोफेसर / प्रोफेसर के पद पर की गयी संस्तुति के सम्बन्ध में।**

परिषद द्वारा सम्यक विचारोपरान्त विश्वविद्यालय के सिविल इंजी0 विभाग एवं इलेक्ट्रानिक्स इंजी0 विभाग में कैरियर एडवान्स स्कीम (CAS) के अन्तर्गत एसोसिएट प्रोफेसर एवं प्रोफेसर के पद हेतु प्राप्त आवेदनों की स्क्रीनिंग आख्या की निष्पक्ष एवं नियमानुसार समीक्षा कराये जाने हेतु निम्नलिखित बाह्य समिति का गठन किया :

1. प्रो0 जे0पी0 सैनी, मा0 कुलपति, एन0एस0यू0टी0, नई दिल्ली।
2. प्रमुख सचिव, प्राविधिक शिक्षा, उ0प्र0 शासन लखनऊ अथवा उनका प्रतिनिधि।
3. प्रो0 जे0पी0 सैनी, मा0 कुलपति, एन0एस0यू0टी0, नई दिल्ली द्वारा सहयोजित सदस्य।
4. प्रो0 मधुसूदन सिंह, आई0आई0टी0, नई दिल्ली।

**मद सं0 17.11** **विश्वविद्यालय के विभिन्न समितियों मे सदस्य के रूप मे नामित वाह्य संस्थानों/प्रतिष्ठानों के वाहय विशेषज्ञों /विषय विशेषज्ञों को रू0 3000/- के स्थान पर रू0 5000/- मानदेय दिये जाने के सम्बन्ध में।**

परिषद प्रस्तुत प्रस्ताव से संज्ञानित हुई।

**मद सं0 17.12** **अध्यक्ष महोदय की अनुमति से अन्य मद पर विचार।**

**मद सं0 17.12.01** **विश्वविद्यालय मे रिक्त प्रशासनिक पदों एवं समूह ग के ग्रेड पे 1800/- तथा 4600/- के रिक्त पदों को नियमित भर्ती किये जाने के सम्बन्ध मे।**

परिषद ने प्रस्तुत प्रस्ताव पर सैद्धांतिक सहमति प्रदान की।



Scanned with CamScanner

| | |
|---|---|
| मद सं0 17.12.02 | **उ0प्र0 अधीनस्थ सेवा चयन आयोग को ग्रेड पे 1900/– से 4200/– तक के समूह ग के रिक्त पदो को अधियाचन के माध्यम से भरे जाने तक प्रतिनियुक्ति के आधार पर चयन किये जाने के सम्बन्ध में।** |

परिषद ने ग्रेड पे 1900/– से 4200/– तक के समूह ग के रिक्त पदो को अधियाचन के माध्यम से भरे जाने तक उक्त पदों पर प्रतिनियुक्ति के आधार पर नियुक्ति किये जाने पर अनुमोदन प्रदान किया।

(प्रो0 नीरज कुमार सिंह)
कुलसचिव

कार्यालय कुलसचिव
हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय
कानपुर–208002

संख्या : 866/एच.बी.टी.यू./ओटीटीएससी/2021 दिनांक : दिसम्बर 28, 2021

प्रतिलिपित : विशेष कार्याधिकारी, कुलपति कार्यालय, एच.बी.टी.यू., कानपुर को मा0 कुलपति/अध्यक्ष, कार्यपरिषद के संज्ञानार्थ।

(प्रो0 नीरज कुमार सिंह)
कुलसचिव



Scanned with CamScanner